राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

70 वां संविधान दिवस

राज्यपाल के समक्ष 70 लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया

कर्त्तव्यों का बोध होना आवश्यक

–राज्यपाल

जयपुर, 26 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान ने हमें अधिकार और कर्त्तव्य दोनों दिये है। उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकारों के साथ ही हमें कर्त्तव्यों का बोध होना आवश्यक है। श्री मिश्र ने कहा कि राष्ट्र की एकता व अखण्डता को सुनिश्चित करने वाला व्यवहार हम सभी को करना है।

राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को यहां राजभवन में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने 70 वें संविधान दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के समक्ष 70 लोगों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस मौके पर डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्वाजंलि अर्पित की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि भारत की शासन प्रणाली कैसी होगी, राष्ट्र के विधि – विधान क्या होंगे, इनका उल्लेख संविधान में किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के स्वरूप और संरचना को संविधान में बताया गया है। संविधान की मूल भावना प्रस्तावना में है। श्री मिश्र ने कहा कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप भारत के नागरिकों को अनुच्छेद 51क में उल्लेखित कर्त्तव्यों के अनुरूप आचरण व व्यवहार करना होगा।

राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने संविधान के अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 51 क में वर्णित मौलिक अधिकार व कर्त्तव्यों को पढकर सुनाया। इस अवसर पर राज्यपाल के विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद थे।

राज्यपाल से उप मुख्यमंत्री की मुलाकात

जयपुर, 26 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को दोपहर में यहां राजभवन में उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उप मुख्यमंत्री श्री पायलट की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल श्री मिश्र व उप मुख्यमंत्री श्री पायलट की यह मुलाकात लगाभग एक घंटे तक चली।

कुलाधिपति से कुलपतियों की मुलाकात

जयपुर, 26 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति श्री जे.पी. शर्मा और श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति श्री जे.एस. संधू ने मुलाकात कर अपने – अपने विश्वविद्यालयों की गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल श्री मिश्र से सेन्ट्रल एकेडमी ग्रुप के प्रभारी श्री संगम मिश्रा ने मुलाकात की।

राज्यपाल को पुस्तक भेंट

जयपुर, 26 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को दोपहर में यहां राजभवन में राजस्थान विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त प्रो0 श्रीमती सुषमा सूद ने अपनी पुस्तक **वार विडोज इन इडिंया एण्ड नेपाल** पुस्तक की प्रति भेंट की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल